# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
## राष्ट्रीय मुख्यालय

पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली - 110002

वेबसाइट : www.bsgindia.org ईमेल आईडी : info@bsgindia.org दूरभाष : +91-11-23370724,23378667


प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : 71 / 2020
*दिनांक : 02 जून,* **2020**

## विषय :— हिन्दी में वैग्स विश्व गीत।

महोदय/महोदया,

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से शुभकामनाएं।

वैग्स विश्व गाइड गीत को सन 1950 में 13वें विश्व सम्मेलन, ऑक्सफोर्ड, यू.के. में अपनाया गया था। संगीत को ओपस 91 बी से फिनिश संगीतकार, जीन सिवेलियस के अनुमोदन के साथ अनुकूलित किया गया था। मूल रुप से इसे फिनलेंड की सबसे पुरानी गर्ल स्काउट कंपनियों में से एक के लिए मार्च के लिए बनाया गया था। 1952 में प्रथम बार गेविन इवार्ट द्वारा अंग्रेजी शब्दों के साथ प्रकाशित वैग्स विश्व गीत ने आन्दोलन की भावना एवं सिद्धान्तों पर प्रकाश डाला। (सन्दर्भ https://www.wagggs.org/en/about-us/who-we-are/symbols-movement/)।

सदस्यता की दृष्टि से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का वैग्स में दूसरा स्थान है, लेकिन हमारे पास हिन्दी में विश्व गीत नहीं है। राष्टीय मुख्यालय ने वैग्स विश्व गाइड गीत को हिन्दी में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया है। इस बार कम्पोजर एवं संगीतकार दोनों ही हमारे अपने भारतीय युवा सदस्य और वयस्क नेता होंगे।

**गीत का नाम:** विश्व गाइड गीत (https://www.youtube.com/watch?v=1gKXt2s5pNw)

**प्रतिभाग** : भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्य।

**प्रकिया:**

1— इस परिपत्र के साथ संलग्न विश्व गाइड गीत के शब्दों को पढ़ें।
2— इसको हिन्दी में अनुवाद करें एवं धुन को ऊपर दिये गए लिंक में रिकार्ड करें।
3— इसे सीधे अनुवाद करना आवश्यक नहीं है, प्रतिभागी यूट्यूब लिंक की तरह ही संगीत बनायें याद रखें यह एक मार्चिंग गीत है।
4— प्रतिभागी को अपने अनुवादित हिन्दी बोल तथा रिकार्डिंग (केवल ऑडियो) एवं अपना नाम, राज्य, जिला, सम्पर्क नम्बर info@bsgindia.org पर भेजना है। ।
5— राज्य संघ अपनी रिकार्डिंग भेजकर भी भाग ले सकते है।।
6— सर्वश्रेष्ठ का चयन ऊपर दिये गये लिंक के अनुसार विश्व गाइड गीत की निकटता के आधार पर किया जायेगा।
7— चयनित गीत और विजेता को राष्टीय मुख्यालय मीडिया चैनलों के माध्यम से व्यापक रुप से प्रचारित किया जायेगा और इतिहास बनाया जायेगा।

**मान्यता:** विजेता को मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त महोदय द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।
**अंतिम तिथि:** शब्दों के साथ रिकार्डिंग 30 जून, 2020 को या उससे पहले भेजें।

## विश्व गीत

**बोलः**

Our way is clear as we march on,
And see! Our flag on high,
Is never furled throughout the world,
For hope shall never die!
We must unite for what is right,
In friendship true and strong,
Until the earth,
In its rebirth,
Shall sing our song!
Shall sing our song!

All those who loved the true and good,
Whose promises were kept,
With humble mind, whose acts were
kind,
whose honour never slept;
These were the free!
And we must be,
Prepared like them to live,
To give to all,
Both great and small,
All we can give

**विश्व गीत Tracklist :**

https://www.girlguides.org.au/about/international-guiding/wagggs-world-song/world-song-tracklist/

राज्य संघों से अनुरोध है कि वे इस अवसर के बारे में सभी सम्बन्धितों को सूचित करने का कष्ट करें जिससे कि वे युवाओं को प्रेरित करने हेतु इसे समूह स्तर तक अवगत करायें।

सधन्यवाद,

**भवदीया,**

(हस्ताक्षर)

**(दर्शना पावस्कर)**
**संयुक्त निदेशक (गाइड)**

**प्रतिलिपि :–**

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय ।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली ।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–15, सेक्टर–62, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201309
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।